I, Jamna Devi w/o Sh. Purkha Ram, r/o Vill. Chalokhar, P.O. Nareli, Teh. Hamirpur, Distt. Hamirpur (H.P.) declare that in my Aadhar Card bearing No. 2843 3588 0637, my name is wrongly entered as Jamuna Devi. Whereas, my correct name is Jamna Devi. I shall be known as Jamna Devi for all purposes in future. All concerned please note.

JAMNA DEVI
w/o Sh. Purkha Ram,
r/o Vill. Chalokhar, P.O. Nareli,
Teh. Hamirpur, Distt. Hamirpur (H.P.).

CORRECTION OF NAME

I, Raman Vig aged 44 years s/o Sh. Joginder Pal, H. No. 94, Ward No. 1, Near Laxmi Narayan Temple, Post Office Dhalpur Kullu, Tehsil Kullu, Akhada Bazar, Distt. Kullu (H.P.)-175 101 declare that my name is wrongly mentioned as Ram Pal in Aadhar Card, PAN Card and relevant Documents. Now, I have been changed my name from Ram Pal to Raman Vig. Today onwards consider my name as Raman Vig. Please note that for all purposes.

RAMAN VIG
s/o Sh. Joginder Pal,
H. No. 94, Ward No. 1, Near Laxmi Narayan Temple,
Post Office Dhalpur Kullu, Tehsil Kullu, Akhada Bazar,
Distt. Kullu (H.P.)-175 101.

CHANGE OF NAME

I, Sangita Devi w/o Sh. Ajay Kumar Rana, Vill. Kumharnu, P.O. Lambagaon, Teh. Jaisingpur, Kangra (H.P.) my name spelling is entered in my son named Aditya Rana, his Matriculation Certificate is Sangeeta Devi. But my actual name spelling is Sangita Devi. I am one and same lady. All note it.

SANGITA DEVI
w/o Sh. Ajay Kumar Rana,
Vill. Kumharnu, P.O. Lambagaon,
Teh. Jaisingpur, Kangra (H.P.).

CHANGE OF NAME

I, Sulochana Kumari d/o Sh. Mangat Ram w/o Babu Ram, V.P.O. and Teh. Shahpur, District Kangra (H.P.) declare that my name has been wrongly entered as Salochna Devi in my Aadhar Card number 7941 1063 1079. My correct name is Sulochana Kumari. All concerned please note it.

SULOCHANA KUMARI
d/o Sh. Mangat Ram
w/o Babu Ram,
V.P.O. and Teh. Shahpur,
District Kangra (H.P.).

CHANGE OF NAME

I, Pankaj s/o Sh. Ramesh Kumar, Village Dakahal, Kuthar (16), P.O. Kuthar, Distt. Shimla Himachal Pradesh-171 226 do hereby declare that I have changed my son's name from Baby of Poonam (old name) to Vihaan Kalta (new name). All may concerned please note.

PANKAJ
s/o Sh. Ramesh Kumar,
Village Dakahal, Kuthar (16), P.O. Kuthar,
Distt. Shimla Himachal Pradesh-171 226.

CHANGE OF NAME

I, Amita Kumari w/o Sh. Karan Singh, r/o Ward No. 5, Tehsil Palampur, Thandol, District Kangra (H.P.) declare that my name has been wrongly mentioned as Amita Mehta. My correct name is Amita Kumari. Both names refer to the same person. Henceforth, I shall be known as Amita Kumari for all purposes.

AMITA KUMARI
w/o Sh. Karan Singh,
r/o Ward No. 5, Tehsil Palampur,
Thandol, District Kangra (H.P.).

CHANGE OF NAME

I, Suneel Kumar s/o Sh. Devi Singh, r/o Village Chari, P.O. Shush, Tehsil Anni, District Kullu (H.P.) hereby declare that in the School and birth records of my son Aryan Thakur, my name has been wrongly mentioned as Suneel Thakur and my wife's name as Mukta Thakur. The correct name of the undersigned is Suneel Kumar and my wife's correct name is Mukta Devi. All concerned may please take note.

SUNEEL KUMAR
s/o Sh. Devi Singh,
r/o Village Chari, P.O. Shush,
Tehsil Anni, District Kullu (H.P.).

CHANGE OF NAME

I, Naresh Kumar s/o Sh. Ram Singh, r/o Meerpur Kotla, Trilokpur, Tehsil Nahan, District Sirmaur (H.P.) hereby state that my son, earlier recorded as Baby Two of Suman Devi, is now named as Gurpreet.

NARESH KUMAR
s/o Sh. Ram Singh,
r/o Meerpur Kotla, Trilokpur,
Tehsil Nahan, District Sirmaur (H.P.).

विधि विभाग

अधिसूचना

शिमला–2, 12 मई, 2026

संख्याः एल.एल.आर.–डी.(6)–8 / 2026–लेज.––हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए शिमला की सड़कों का उपयोग करने वालों तथा पैदल चलने वालों के लिए (लोक सुरक्षा और सुविधा) संशोधन विधेयक, 2026 (2026 का विधेयक संख्यांक 6) को दिनांक 11–05–2026 को अनुमोदित कर दिया है। तथा अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अधीन, विधेयक के अंग्रेजी पाठ को राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित करने के लिए प्राधिकृत कर दिया है। अतः उपरोक्त विधेयक को वर्ष 2026 के अधिनियम संख्यांक 13 के रूप में अंग्रेजी प्राधिकृत पाठ सहित राजपत्र (ई–गजट) हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित किया जाता है।

आदेश द्वारा,
(डॉ0 विवेक ज्योति)
अतिरिक्त विधि परामर्शी एवं अतिरिक्त सचिव (विधि)।

2026 का अधिनियम संख्यांक 13.

शिमला की सड़कों का उपयोग करने वालों तथा पैदल चलने वालों के लिए (लोक सुरक्षा और सुविधा) संशोधन अधिनियम, 2026

धाराओं का क्रम

धारा :

1. संक्षिप्त नाम।
2. धारा 6 का संशोधन।
3. धारा 7 का संशोधन।
4. धारा 8 का संशोधन।
5. धारा 12 का प्रतिस्थापन।

———————

2026 का अधिनियम संख्यांक 13.

शिमला की सड़कों का उपयोग करने वालों तथा पैदल चलने वालों के लिए (लोक सुरक्षा और सुविधा) संशोधन अधिनियम, 2026

(माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा तारीख 11 मई, 2026 को यथाअनुमोदित)

शिमला की सड़कों का उपयोग करने वालों तथा पैदल चलने वालों के लिए (लोक सुरक्षा और सुविधा) अधिनियम, 2007 (2008 का अधिनियम संख्यांक 02) का और संशोधन करने के लिए **अधिनियम**।

भारत गणराज्य के सतहत्तरवें वर्ष में हिमाचल प्रदेश विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित होः–

1. संक्षिप्त नाम.––इस विधेयक का संक्षिप्त नाम शिमला की सड़कों का उपयोग करने वालों तथा पैदल चलने वालों के लिए (लोक सुरक्षा और सुविधा) संशोधन अधिनियम, 2026 है।

2. धारा 6 का संशोधन.––शिमला की सड़कों का उपयोग करने वालों तथा पैदल चलने वालों के लिए (लोक सुरक्षा और सुविधा) अधिनियम, 2007 (जिसे इसमें इसके पश्चात् "मूल अधिनियम" कहा गया है) की धारा 6 में :–

(क) उप–धारा (2) में "एक सौ" शब्द के स्थान पर "पांच सौ" शब्द रखे जाएंगे; और

(ख) उप–धारा (3) में "दो हजार पांच सौ" शब्दों के स्थान पर "पंद्रह हजार" शब्द रखे जाएंगे।

3. धारा 7 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 7 में,–

(क) उप–धारा (1) में ''उपायुक्त'' शब्द के स्थान पर ''गृह विभाग में सचिव'' शब्द और चिन्ह रखे जाएंगे;

(ख) उप–धारा (2) में "एक सौ" शब्द के स्थान पर "पांच सौ" शब्द रखे जाएंगे; और

(ग) उप–धारा (3) में "एक हजार" शब्दों के स्थान पर "पांच हजार" शब्द रखे जाएंगे।

4. धारा 8 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 8 में :–

(क) उप–धारा (3) में, "दो सौ" शब्दों के स्थान पर "एक हजार" शब्द रखे जाएंगे; और

(ख) उप–धारा (4) में "एक सौ" शब्द के स्थान पर "पांच सौ" शब्द रखे जाएंगे।

5. **धारा 12 का प्रतिस्थापन.**––मूल अधिनियम की धारा 12 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:–

"**12. शास्तियां.**–(1) जो कोई पास के किसी भी निबन्धन और शर्त का उल्लंघन करता है, तो उसे दो हजार रुपये के जुर्माने से दण्डित किया जाएगा या उसके व्यतिक्रम में उसे दस दिन का साधारण कारावास भुगतना होगाः

परन्तु ऐसे प्रत्येक अपराध का वर्दी में पुलिस अधिकारी द्वारा, जो सहायक उप–निरीक्षक की पंक्ति से नीचे का न हो एक हजार रुपये की प्रशमन फीस के साथ स्थल पर (मौके पर) ही शमन किया जा सकेगा।

(2) किसी प्रतिबंधित सड़क पर बिना किसी विधिमान्य पास के यान चलाने पर शास्ति पांच हजार रुपये तथा सील्ड सड़क पर दस हजार रुपये होगीः

परन्तु कोई वर्दीधारी पुलिस अधिकारी जो सहायक उप–निरीक्षक की पंक्ति से नीचे का न हो विहित शास्ति के पचास प्रतिशत के बराबर शमन शुल्क लेकर स्थल पर ही अपराध का शमन कर सकेगा।

(3) उप–धारा (1) के अध्यधीन रहते हुए जो कोई इस अधिनियम के किसी भी उपबन्ध का उल्लंघन करता है तो उसे तीन हजार रुपये के जुर्माने से दण्डित किया जाएगा या उसके व्यतिक्रम में उसे पन्द्रह दिन का साधारण कारावास भुगतना होगाः

परन्तु यह कि वर्दी में पुलिस अधिकारी द्वारा, जो सहायक उप–निरीक्षक की पंक्ति से नीचे का न हो, पन्द्रह सौ रुपये की प्रशमन फीस के साथ अपराध का स्थल पर (मौके पर) ही शमन किया जा सकेगा।"।

———————

AUTHORITATIVE ENGLISH TEXT

ACT NO. 13 OF 2026.

THE SHIMLA ROAD USERS AND PEDESTRIANS (PUBLIC SAFETY AND CONVENIENCE) AMENDMENT ACT, 2026

ARRANGEMENT OF SECTIONS

Sections :

1. Short title.
2. Amendment of section 6.
3. Amendment of section 7.
4. Amendment of section 8.
5. Substitution of section 12.

ACT NO. 13 OF 2026

THE SHIMLA ROAD USERS AND PEDESTRIANS (PUBLIC SAFETY AND CONVENIENCE) AMENDMENT ACT, 2026

(AS ASSENTED TO BY THE GOVERNOR ON 11TH MAY, 2026)

AN

ACT

further to amend the Shimla Road Users and Pedestrians (Public Safety and Convenience) Act, 2007 (Act No. 2 of 2008).

BE it enacted by the Legislative Assembly of Himachal Pradesh in the Seventy-seventh Year of the Republic of India as follows:—

1. Short title.—This Act may be called the Shimla Road Users and Pedestrians (Public Safety and Convenience) Amendment Act, 2026.

2. Amendment of Section 6.—In section 6 of the Shimla Road Users and Pedestrians (Public Safety and Convenience) Act, 2007 (hereinafter referred to as the "principal Act"),—

(a) in sub-section (2), for the figures "100/-", the figures "500" shall be substituted; and

(b) in sub-section (3), for the figures "2500/-" the figures "15,000" shall be substituted.

3. Amendment of Section 7.—In section 7 of the principal Act,—

(a) in sub-section (1), for the words "Deputy Commissioner", the words "Secretary in the Home Department" shall be substituted;

(b) in sub-section (2), for the figures "100/-", the figures "500" shall be substituted; and

(c) in sub-section (3), for the figures "1000", the figures "5000" shall be substituted.

4. Amendment of Section 8.—In section 8 of the principal Act,—

(a) in sub-section (3), for the figures "200/-", the figures "1000" shall be substituted; and

(b) in sub-section (4), for the figures "100" the figures "500" shall be substituted.

5. Substitution of Section 12.—For section 12 of the principal Act, the following shall be substituted, namely:—

"12. Penalities.—(1) Whoever contravenes any of the terms and conditions of the pass, shall be punishable with a fine of Rs. 2000 or undergo simple imprisonment of 10 days in default thereof:

Provided that each such offence may be compounded on the spot by a Police Officer in uniform not below the rank of Assistant Sub-Inspector for a compounding fee of Rs. 1000.

(2) The penalty for plying a vehicle without a valid pass shall be Rs. 5000 on a restricted road and Rs. 10,000 on a sealed road :

Provided that a police officer in uniform not below the rank of Assistant Sub-Inspector may compound the offence for a componding fee equal to fifty percent of the prescribed penalty.

(3) Subject to sub-section (1), whoever contravenes any of the provisions of this Act, shall be punishable with a fine of Rs. 3000 or undergo simple imprisonment of 15 days, in default thereof:

Provided that a police officer in uniform not below the rank of Assistant Sub-Inspector may compound the offence on the spot for a compounding fee of Rs. 1500.

विधि विभाग

अधिसूचना

शिमला–2, 12 मई, 2026

संख्याः एल.एल.आर.–डी.(6)–4 / 2026–लेज.––हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए हिमाचल प्रदेश लिफ्ट (संशोधन) विधेयक, 2026 (2026 का विधेयक संख्यांक 5) को दिनांक 12–05–2026 को अनुमोदित कर दिया है। तथा अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अधीन, विधेयक के अंग्रेजी पाठ को राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित करने के लिए प्राधिकृत कर दिया है। अतः उपरोक्त विधेयक को वर्ष 2026 के अधिनियम संख्यांक 14 के रूप में अंग्रेजी प्राधिकृत पाठ सहित राजपत्र (ई–गजट) हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित किया जाता है।

आदेश द्वारा

(डॉ0 विवेक ज्योति),
अतिरिक्त विधि परामर्शी एवं अतिरिक्त सचिव (विधि)।

2026 का अधिनियम संख्यांक 14.

हिमाचल प्रदेश लिफ्ट (संशोधन) अधिनियम, 2026

धाराओं का क्रम

धारा :

1. संक्षिप्त नाम।
2. वृहत नाम का संशोधन।

3. धारा 1 का संशोधन।

4. कतिपय शब्दों का संशोधन।

5. धारा 2 का संशोधन।

6. धारा 3 का प्रतिस्थापन।

7. धारा 4 का संशोधन।

8. धारा 5 का संशोधन।

9. धारा 6 का संशोधन।

10. धारा 7 का प्रतिस्थापन।

11. धारा 8 का संशोधन।

12. धारा 10 का संशोधन।

13. धारा 11 का संशोधन।

14. धारा 13 का संशोधन।

15. धारा 14 का प्रतिस्थापन।

16. धारा 14–क, 14–ख, 14–ग और 14 घ का अन्तःस्थापन।

17. धारा 15 का प्रतिस्थापन।

————————

2026 का अधिनियम संख्यांक 14.

हिमाचल प्रदेश लिफ्ट (संशोधन) अधिनियम, 2026

(माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा तारीख 12 मई, 2026 को यथाअनुमोदित)

हिमाचल प्रदेश लिफ्ट अधिनियम, 2007 (2007 का अधिनियम संख्यांक 22) का और संशोधन करने के लिए **अधिनियम** ।

भारत गणराज्य के सतहत्तरवें वर्ष में हिमाचल प्रदेश विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित होः–

1. संक्षिप्त नाम.––इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश लिफ्ट (संशोधन) विधेयक, 2026 है।

2. वृहत नाम का संशोधन.––हिमाचल प्रदेश लिफ्ट अधिनियम, 2006 (जिसे इसमें इसके पश्चात् "मूल अधिनियम" कहा गया है) के वृहत नाम में, "लिफ्ट" शब्द के पश्चात्, ",एस्केलेटर्स और ट्रैवलेटर्स" चिन्ह और शब्द अन्तःस्थापित किए जाएंगे।

3. धारा 1 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 1 की उप–धारा (1) "लिफ्ट" शब्द के पश्चात्, ",एस्केलेटर्स और ट्रैवलेटर्स" चिन्ह और शब्द अन्तःस्थापित किए जाएंगे।

4. कतिपय शब्दों का संशोधन.––मूल अधिनियम में "लिफ्ट" और "मुख्य अभियन्ता (विद्युत), हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग" शब्द जहां–जहां आते हैं, के स्थान पर क्रमशः "लिफ्ट, एस्केलेटर्स और ट्रैवलेटर्स'' और "मुख्य निरीक्षक, लिफ्ट" शब्द और चिन्ह रखे जाएंगे।

5. धारा 2 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 2 में,–

(क) खंड (क) के पश्चात् निम्नलिखित खंड अन्तःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्:–

"(कक) "लिफ्ट का सहायक निरीक्षक" से राज्य सरकार द्वारा नियुक्त ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है, जो हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग में, सहायक अभियन्ता (विद्युत) से नीचे की पंक्ति का न हो;

"(कख) "लिफ्ट का मुख्य निरीक्षक" से ऐसा अधिकारी अभिप्रेत है, जिसे हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग में, यथास्थिति, मुख्य अभियन्ता (विद्युत) या अधीक्षण अभियन्ता (विद्युत) के रैंक पर राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किया गया हो;''

"(कग) "एस्केलेटर" से ऐसा विद्युत चालित, तिरछा और सतत सीढ़ी–मार्ग अभिप्रेत है, जिसका उपयोग यात्रियों को ऊपर या नीचे ले जाने के लिए किया जाता है;''; और

(ख) खंड (ढ) के अन्त में विद्यमान चिन्ह ","के स्थान पर चिन्ह";" प्रतिस्थापित किया जाएगा तथा तत्पश्चात् निम्नलिखित खंड अन्तःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्:–

"(ण) "ट्रेवलेटर" से, पैदल यात्रियों के परिवहन हेतु प्रयुक्त क्षैतिज गतिशील पथ अभिप्रेत है।"।

6. धारा 3 का प्रतिस्थापन.––मूल अधिनियम की धारा 3 में,–

(क) उप–धारा (1) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:–

3. लिफ्ट का निर्माण करने के लिए अनुज्ञा.––(1) किसी स्थान का प्रत्येक स्वामी, जो ऐसे स्थान पर लिफ्ट, एस्केलेटर या ट्रेवलेटर स्थापित करने की वांछा रखता है, राज्य सरकार द्वारा राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना द्वारा इस हेतु प्राधिकृत अधिकारी को ₹ 2500/– का रजिस्ट्रीकरण शुल्क संदेय कर अनुज्ञा के लिए आवेदन करेगाः

परन्तु यदि लिफ्ट, एस्केलेटर्स और ट्रैवलेटस राज्य सरकार का हो तो कोई रजिस्ट्रीकरण शुल्क देय नहीं होगा।

(2) रजिस्ट्रीकरण का आवेदन ऐसे प्ररूप, जो विहित किया जाए, में निम्नलिखित विनिर्दिष्ट करते हुए किया जाएगाः––

क. लिफ्ट की स्थापनाः

(i) लिफ्ट का प्रकार;

(ii) लिफ्ट की अधिकतम निर्धारित गति;

(iii) निर्माता/डिज़ाइनर द्वारा निर्धारित भार वहन क्षमता;

(iv) लिफ्ट ऑपरेटर के अतिरिक्त अधिकतम यात्रियों की संख्या, जिन्हें लिफ्ट ले जा सकती है;

(v) अधिकतम भार वहन सहित लिफ्ट पिंजर का कुल भार एवं आकार;

(vi) प्रतितोलक का भार;

(vii) आलम्ब केबलों की संख्या, विवरण, भार एवं आकार;

(viii) सबसे निचली मंजिल पर पिंजर की निम्नतम स्थिति से पिट की गहराई; तथा

(ix) ओवरहेड संरचना के निर्माण से संबंधित अन्य विहित विवरण और ब्यौरे जिनमें बीमों का भार एवं आकार सम्मिलित हों।

ख. एस्केलेटर की स्थापनाः

(i) एस्केलेटर का प्रकार;

(ii) एस्केलेटर की परिकल्पित परिचालन गति;

(iii) आनति का कोण;

(iv) जंगलों के मध्य चौड़ाई;

(v) हैंडरेल, स्टेप ट्रेड, लैंडिंग कॉम्ब प्लेट्स, ट्रस अथवा गर्डर तथा स्टेप हील ट्रैक्स का विवरण;

(vi) निर्धारित भार;

(vii) निर्धारित भार पर प्रति घंटा व्यक्तियों की संख्या;

(viii) स्थैतिक भार के आधार पर एस्केलेटर में सुरक्षा गुणांक;

(ix) मीटर में कुल यात्रा / ऊँचाई; और

(x) ऐसे अन्य विवरण, जो विहित किए जाएं।

ग. ट्रेवलेटर की स्थापनाः

विशिष्टियां अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आई0एस0ओ0) या यूरोपीय मानकीकरण समिति (सी0ई0एन0) के कोडों के अनुरूप।

(3) उप–धारा (1) के अधीन आवेदन प्राप्त होने पर, इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी ऐसी जांच करने और आवेदक से ऐसी सूचना, जैसी आवश्यक हो, की अपेक्षा करने के पश्चात् आवेदन को अपनी टिप्पणियों सहित मुख्य निरीक्षक लिफ्ट या उस द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी को अग्रेषित करेगा और तदुपरि वह या तो अनुज्ञा प्रदान कर सकेगा या अनुज्ञा प्रदान करने से इन्कार कर सकेगा।

(4) उप–धारा (3) के अधीन की गई अनुज्ञा उस तारीख से, जिस को यह प्रदा की गई है, छह मास की अवधि के लिए विधिमान्य होगी :

परन्तु छह मास की अवधि को कारण सहित आवेदन किए जाने पर, छह मास की और आगे की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकेगा।

(5) उप–धारा (1) के अधीन या विहित शुल्क में प्रत्येक तीन वर्ष के पश्चात 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी।"।

7. धारा 4 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 4 में,–

(क) उप–धारा (1) में, "सात सौ पचास रुपए" शब्दों के स्थान पर "पांच हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे;

(ख) उप–धारा (3) के पश्चात् निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:–

"(4) अनुज्ञप्ति की वैद्यता एक वर्ष की होगी, जिसका नवीकरण ऐसे अभिलेखों के साथ जो विहित किए जाएं, और रु. 5000 / – के नवीनीकरण शुल्क के भुगतान पर स्वामी द्वारा आवेदन किए जाने पर किया जाएगाः

परन्तु यदि लिफ्ट, एस्केलेटर या ट्रेवलेटर राज्य सरकार का हो तो नवीनीकरण शुल्क देय नहीं होगा।

(5) उप–धारा (1) के अधीन अनुज्ञप्ति के नवीनीकरण हेतु आवेदन प्राप्त होने पर, संबंधित अधिकारी आवश्यक जांच करने के उपरांत अपने अभिमत सहित आवेदन को मुख्य लिफ्ट निरीक्षक को अग्रेषित करेगा और तत्पश्चात् वह नवीकरण प्रदान कर सकेगा या उसे अस्वीकार कर सकेगा।

(6) उप–धारा (1) तथा उप–धारा (4) के अधीन विहित शुल्क में प्रत्येक तीन वर्ष के पश्चात् 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी।"।

8. धारा 5 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 5 में,–

(क) उप–धारा (1) में, जहां "इस अधिनियम के प्रारम्भ" शब्द आते हैं के स्थान पर "हिमाचल प्रदेश लिफ्ट, एक्सेलेटर्स और ट्रेवलेटर्स (संशोधन) अधिनियम, 2026 के प्रारम्भ" शब्द, चिन्ह और अंक रखे जाएंगे;

(ख) उप–धारा (2) में, "सात सौ पचास रुपए" शब्दों के स्थान पर "पांच हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे;

9. धारा 6 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 6 में,–

(क) विद्यमान उपबंध, उप–धारा (1) के रूप में, पुनर्संख्यांकित किया जाएगा और परन्तुक में "अधिनियम के प्रारम्भ" शब्दों के स्थान पर" हिमाचल प्रदेश लिफ्ट, एक्सेलेटर्स और ट्रेवलेटर्स (संशोधन) अधिनियम, 2026 के प्रारम्भ" शब्द और अंक रखे जाएंगे; और

(ख) उप–धारा (1) के पश्चात् निम्नलिखित उपधारा अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:–

"(2) जो कोई भी व्यक्ति बिना वैद्य अनुज्ञा के किसी लिफ्ट, एस्केलेटर या ट्रेवलेटर (सरकार द्वारा स्थापित एवं संधारित लिफ्ट, एस्केलेटर या ट्रेवलेटर सहित) का संचालन करता है, वह पचास हजार रुपए की शास्ति के लिए दायी होगा। उक्त दण्ड अधिरोपित करने के लिए लिफ्ट निरीक्षक सक्षम होगा।"।

10. धारा 7 का प्रतिस्थापन.––मूल अधिनियम की धारा 7 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:–

"**7. लिफ्ट, एस्केलेटर या ट्रेवलेटर के निरीक्षण या स्थापना के लिए किसी भवन में प्रवेश का अधिकार,–**

(1) लिफ्ट निरीक्षक युक्तियुक्त सूचना देकर, किसी भी समय उस किसी भी भवन में प्रवेश कर सकता है, जिसमें कोई लिफ्ट, एस्केलेटर या ट्रेवलेटर स्थापित है या स्थापित किया जा रहा है, अथवा जिसके संबंध में अनुज्ञापत्र (लाइसेंस) हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है, ताकि लिफ्ट, एस्केलेटर या ट्रेवलेटर, उनकी स्थापना अथवा उससे संबंधित स्थल का निरीक्षण किया जा सके।

(2) सहायक लिफ्ट निरीक्षक भी ऐसी लिफ्टों, एस्केलेटरों या ट्रेवलेटरों का भौतिक निरीक्षण कर सकता है, जिन्हें लिफ्ट निरीक्षक द्वारा उसे संदर्भित किया गया हो:

परंतु लिफ्ट निरीक्षक, सहायक लिफ्ट निरीक्षक द्वारा निरीक्षत की गई लिफ्टों, एस्केलेटरों या ट्रेवलेटरों में से कम से कम दस प्रतिशत का स्वयं निरीक्षण करेगा :

परंतु यह और कि सहायक लिफ्ट निरीक्षक को इस उप–धारा के अंतर्गत उसे संदर्भित की गई लिफ्टों, एस्केलेटरों या ट्रेवलेटरों के निरीक्षण हेतु उप–धारा (1) के अनुसार किसी भी भवन में प्रवेश करने का अधिकार होगा।

(3) यदि ऐसे निरीक्षण पर अधिकारी की यह राय हो कि किसी भवन में स्थित कोई लिफ्ट, एस्केलेटर या ट्रेवलेटर असुरक्षित अवस्था में है, तो वह भवन के स्वामी को ऐसे आदेश जिन्हें वह आवश्यक समझे जारी कर सकेगा जिनमें ऐसे सुधार अथवा परिवर्तन करने की अपेक्षा है तथा आदेश में निर्दिष्ट अवधि के भीतर उन्हें पूरा करने का निर्देश दे सकेगा; और आवश्यकता होने पर, ऐसे सुधार अथवा परिवर्तन किए जाने तक या ऐसी असुरक्षित स्थिति हटाए जाने तक, उस लिफ्ट, एस्केलेटर या ट्रेवलेटर के उपयोग को स्थगित करने का भी आदेश दे सकेगा।"।

11. धारा 8 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 8 की उप–धारा (1) में, "धारा 7 की उप–धारा (2)" शब्दों और अंकों के स्थान पर " धारा 3, धारा 4, धारा 5, धारा 6, धारा 7 की उप–धारा (3)" शब्द और अंक रखे जाएंगे;

12. धारा 10 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 10 की उप–धारा (1) में, " और जिला मजिस्ट्रेट को भी" शब्दों के स्थान पर ",जिला मजिस्ट्रेट को और पुलिस अधीक्षक को भी" अंक और शब्द रखे जाएंगे।

13. धारा 11 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 11 में,–

(क) उप–धारा (1) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:–

''(1) प्रत्येक लिफ्ट, एस्केलेटर या ट्रेवलेटर का निरीक्षण राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा एक वर्ष में कम से कम एक बार किया जाएगा।"; और

(ख) उप–धारा (2) में, "धारा 4 की उप–धारा (3), धारा 7 की उप–धारा (2)" शब्दों और अंकों के स्थान पर "धारा 7 की उप–धारा (3)" शब्द और अंक और चिन्ह रखे जाएंगे।

14. धारा 13 का संशोधन.––मूल अधिनियम की धारा 13 में,–

(क) "पांच हजार रुपए" शब्दों के स्थान पर "पचास हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे;

(ख) "पांच सौ रुपए" शब्दों के स्थान पर "एक हजार रुपए" शब्द रखे जाएंगे; और

(ग) "पैंतालीस हजार रुपए" शब्दों के स्थान पर "एक लाख रुपए" शब्द रखे जाएंगे।

15. धारा 14 का प्रतिस्थापन.––मूल अधिनियम की धारा 14 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्.––

"**14. शक्तियों का प्रत्यायोजन.**––राज्य सरकार इस अधिनियम द्वारा उसे प्रदत्त समस्त या उनमें से किन्ही शक्तियों को ऐसे अधिकारी को, जिसे वह उचित समझे किन्तु जो लिफ्ट निरीक्षक की पंक्ति से नीचे का न हो, को प्रत्यायोजित कर सकेगी।"।

16. धारा 14–क, 14–ख, 14 ग, 14–घ, का अन्तः स्थापन.––मूल अधिनियम की धारा 14 के पश्चात् निम्नलिखित धाराएं अंतःस्थापित की जाएंगी।

"**14–क. समवर्ती दायित्व**–यदि लिफ्ट, एस्केलेटर या ट्रेवलेटर में सुरक्षा प्रावधानों की खराबी के कारण कोई दुर्घटना घटित होती है और यह उक्त कंपनी के कारण होना प्रतिपादित होता है तो, यथास्थिति, लिफ्ट, एस्केलेटर या ट्रेवलेटर की स्थापना अथवा अनुरक्षण करने वाली कंपनी इस अधिनियम के अधीन शास्ति के लिए दायी होगी।

14–ख. जीवन काल–परिसर में स्थापित किसी लिफ्ट, एस्केलेटर या ट्रेवलेटर को उसकी स्थापना की तारीख से बीस वर्ष की अवधि पूर्ण होने के पश्चात् स्वामी द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा तथा स्वामी विद्यमान लाईसेंस समर्पित कर अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत नवीन लाईसेंस हेतु आवेदन करेगा।

14–ग. बीमा– स्वामी लिफ्ट, एस्केलेटर या ट्रेवलेटर की स्थापना पूर्ण होने के पश्चात् उसे उपयोग करने वाले यात्रियों के जोखिम को आच्छादित करने हेतु आज्ञापक रूप से तृतीय पक्ष बीमा करवाना सुनिश्चित करेगा।

14–घ. व्यवहार संहिता–लिफ्ट, एस्केलेटर या ट्रेवलेटर में प्रयुक्त सामग्री एवं उसके समस्त प्रासंगिक घटक भारतीय मानक ब्यूरो अथवा राष्ट्रीय भवन संहिता के अनुरूप होंगे।"।

17. धारा 15 का प्रतिस्थापन.––मूल अधिनियम की धारा 15 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थातः–

"**15. नियम बनाने की शक्ति.**––(1) राज्य सरकार, राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए नियम बना सकेगी।

(2) विशिष्टतया और पूर्वगामी उपबन्ध की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे नियम निम्नलिखित सभी विषयों या उनमें से किसी के लिए उपबन्ध कर सकेंगे, अर्थात्:––

(क) लिफ्ट, एस्केलेटर या ट्रेवलेटर के लिए विनिर्देश,

(ख) रीति जिसमें लिफ्ट, एस्केलेटर या ट्रेवलेटर की निर्माण योजनाएं प्रस्तुत की जाएगी,

(ग) रीति जिसमें लिफ्ट, एस्केलेटर या ट्रेवलेटर का परीक्षण किया जा सकेगा,

(घ) लिफ्ट, एस्केलेटर या ट्रेवलेटर के निर्माण के लिए आवेदन या उसके परिचालन के लिए अनुज्ञप्ति का प्ररूप,

(ङ) निबन्धन और शर्तें, जिनके अध्यधीन और प्ररूप जिसमें धारा 6 के अधीन लिफ्ट, एस्केलेटर या ट्रेवलेटर के परिचालन के लिए अनुज्ञप्तियां प्रदान की जा सकेगी,

(च) रीति जिसमें और निबन्धन जिनके अध्यधीन लिफ्ट, एस्केलेटर या ट्रेवलेटर धारा 6 के अधीन परिचालित होगी,

(छ) रीति जिसमें दुर्घटनाओं की सूचना (नोटिस) दी जाएगी और ऐसी सूचना (नोटिस) का प्ररूप,

(ज) धारा 7 के अधीन दी जाने वाली सूचना (नोटिस) का प्ररूप, और

(झ) लिफ्ट, एस्केलेटर या ट्रेवलेटर के जीवन–काल को विनियमित किए जाने की रीति का विनिश्चय करना; और

(ञ) कोई अन्य विषय जिसे राज्य सरकार द्वारा विहित किया जाना अपेक्षित है या विहित किया जा सकेगा।"।

———————

AUTHORITATIVE ENGLISH TEXT

ACT NO. 14 OF 2026.

THE HIMACHAL PRADESH LIFTS (AMENDMENT) ACT, 2026

ARRANGEMENT OF SECTIONS

Sections:

1. Short title.
2. Amendment of long title.
3. Amendment of section 1.
4. Amendment of certain words.
5. Amendment of section 2.
6. Substitution of section 3.
7. Amendment of section 4.
8. Amendment of section 5.
9. Amendment of section 6.
10. Substitution of section 7.
11. Amendment of section 8.
12. Amendment of section 10.
13. Amendment of section 11.
14. Amendment of section 13.
15. Substitution of section 14.
16. Insertion of sections 14-A, 14-B, 14-C and 14-D.
17. Substitution of section 15.

————————

ACT NO. 14 OF 2026.

THE HIMACHAL PRADESH LIFTS (AMENDMENT) ACT, 2026

(AS ASSENTED TO BY THE GOVERNOR ON 12TH MAY, 2026)

AN

ACT

further to amend the Himachal Pradesh Lifts Act, 2007 (Act No. 22 of 2007).

BE it enacted by the Legislative Assembly of Himachal Pradesh in the Seventy-seventh Year of the Republic of India as follows:—

1. Short title.—This Act may be called the Himachal Pradesh Lifts (Amendment) Act, 2026.

2. Amendment of long title.— In the long title of the Himachal Pradesh Lifts Act, 2007 (hereinafter referred to as the "principal Act"), after the word "lifts" the sign and words ",escalators and travelators" shall be inserted.

3. Amendment of section 1.—In section 1 of the principal Act, in sub-section (1), after the word "Lifts", the sign and words ", Escalators and Travelators" shall be inserted.

4. Amendment of certain words.—In the principal Act, for the word "Lifts" and for the words and signs "Chief Engineer (Electrical) Himachal Pradesh Public Works Department", wherever occurring, the words and sign "lifts, escalators or travelators" and the words " Chief Inspector of Lifts" shall be substituted respectively.

5. Amendment of section 2.—In section 2 of the principal Act,—

(a) after clause (a), the following clauses shall be inserted, namely:—

"(aa) "Assistant Inspector of Lifts" means an officer not below the rank of Assistant Engineer (Electrical), Himachal Pradesh Public Works Department, appointed by the State Government;

"(ab) "Chief Inspector of Lifts" means an officer in the rank of Chief Engineer (Electrical), Himachal Pradesh Public Works Department or Superintending Engineer (Electrical), Himachal Pradesh Public Works Department, as the case may be, appointed by the State Government;

(ac) "escalator" means a power driven, inclined, continuous stairway used for raising or lowering passengers;"; and

(b) at the end of clause (n), for the sign ".", the sign ";" shall be substituted and thereafter the following clause shall be inserted, namely:—

"(o) "travelator" means a horizontal moving pavement for transporting pedestrians.".

6. Substitution of section 3.— For section 3 of the principal Act, the following shall be substituted, namely:—

"**3. Permission to erect a lift.—**(1) Every owner of a place intending to install a lift, escalator or travelator in such place shall make an application to such officer as the State Government may, by notification published in the Official Gazette, authorise in this behalf, for permission on payment of a registration fee of Rs. 2500/-:

Provided that no registration fee shall required to be paid when the lift, escalator or travelator belongs to the State Goverment.

(2) The application for registration shall be made in such form as may be prescribed and shall specify:—

A. Lift Installation:

(i) the type of the lift;

(ii) the rated maximum speed of the lift;

(iii) the maker's or designer's rated capacity in weight;

(iv) the maximum number of passengers in addition to the lift operator which the lift can carry;

(v) the total weight of the lift cage carrying the maximum load;

(vi) the weight of the counterweight;

(vii) the number, description, weight and size of the supporting cables;

(viii) the depth of the pit from the lowest part of the cage when at the lowest floor; and

(ix) such other particulars and details of the construction of the overhead arrangement; with the weight and sizes of the beams as may be prescribed.

B. Escalator Installation:

(i) the type of escalator;

(ii) the speed at which the escalator is designed to operate;

(iii) the angle of inclination;

(iv) the width between balustrades;

(v) the details of handrails, step tread, landing comb plates, trusses or girders and step wheel tracks;

(vi) the rated load;

(vii) the number of persons per hour at rated load;

(viii) the factor of safety based on the static loads in the escalator;

(ix) the travel (rise) in metres; and

(x) such other particulars as may be prescribed.

C. Travelator Installation:

The particulers in accordance with codes of International Organisation for Standardisation (ISO) or European Committee for Standardisation (CEN).

(3) On receipt of application under sub-section (1), the officer authorized in this behalf shall, after making such enquiry and requiring the applicant to furnish such information as may be necessary, forward the application with his remarks to the Inspector of Lifts or to the officer authorized by him in this behalf and thereupon he may either grant or refuse the permission.

(4) The permission granted under sub-section (3) shall be valid for a period of six months from the date on which it is granted:

Provided that the period of six months may be extended for a further period of six months upon an application with reasons to extend the same.

(5) The fee as prescribed under sub-section (1) shall be increased by 10% after every three years.".

7. Amendment of section 4.—In section 4 of the principal Act,—

(a) in sub-section (1), for the word, figures and signs "Rs. 750/-", the word, figures and signs "Rs. 5,000/-" shall be substituted;

(b) after sub-section (3), the following shall be inserted, namely:—

"(4) The validity of license shall be one year which shall be renewed upon an application by the owner, duly supported with such documents as may be prescribed, alongwtih a renewal fee of Rs. 5000/- :

Provided that no renewal fee shall required to be paid where the lift, escalator or travelator belongs to State Government.

(5) On receipt of an application under sub-section (1) the officer shall, after making such inquiry as may be necessary forward the application with his remarks to the Chief Inspector of Lifts and thereupon he may either grant or refuse the renewal of license.

(6) The fee as prescribed under sub-section (1) and sub-section (4) shall be increased by 10% after every three years.".

8. Amendment of section 5.— In section 5 of the principal Act,—

(a) in sub-section (1), for the words "commencement of this Act", wherever occurring, the words, signs and figures "commencement of the Himachal Pradesh Lifts, Escalators and Travelators (Amendment) Act, 2026" shall be inserted; and

(b) in sub-section (2), for the word, figures and signs "Rs. 750/-", the word, figures and signs " Rs. 5000/-" shall be substituted.

9. Amendment of section 6.— In section 6 of the principal Act,—

(a) the existing provision shall be numbered as (1) and in the proviso for the words "commencement of this Act", the words, signs and figures "commencement of the Himachal Pradesh Lifts, Escalators and Travelators (Amendment) Act, 2026" shall be inserted; and

(b) after sub-section (1), the following shall be inserted, namely:—

"(2) Whosoever operate a lift, escalator or travelator including those installed and maintained by the Government without a valid license shall be liable to pay a penalty of Rs. 50,000/-. The Inspector of Lifts shall be competent to levy such penalty." .

10. Amendment of section 7.—For section 7 of the principal Act, the following shall be substituted, namely:—

"**7. Right to enter any building for inspection or installation of lift, escalator or travelator.—**(1) The Inspector of Lifts may, at any time after giving reasonable notice to the occupant, enter upon any building in which a lift, escalator or travelator is installed or is being installed or in connection with which an application for a license has been received, for the purpose of inspecting installation of lift, escalator or travelator; or the lift, escalator or travelator installation or the site thereof.

(2) The Assistant Inspector of Lifts may also conduct the physical inspection of such lifts, escalators or travelators, which are referred to him by the Inspector of Lifts:

Provided that the Inspector of Lifts shall inspect atleast ten percent of the lifts, escalators or travelators which have been inspected by the Assistant Inspector of Lifts:

Provided further that the Assistant Inspector of Lifts shall have right to enter any building as per sub-section (1) to inspect the lifts, escalators or travelators, as referred to him under this sub-section.

(3) If on such inspection the Officer is of the opinion that any lift, escalator or travelator in any building is in an unsafe condition, he may issue an order to the owner of the building requiring such repairs or alterations to be made to such lift, escalator or travelator as he may deem necessary within the time specified therein and may also, if necessary, order the use of such lift, escalator or travelator to be discontinued until such repairs or alterations are made or such unsafe condition is removed.".

11. Amendment of section 8.—In section 8 of the principal Act, in sub-section (1), for the words, signs and figures " sub-section (2) of section 7", the words, signs and figures "section 3, section 4, section 5, section 6 and sub-section (3) of section 7" shall be substituted.

12. Amendment of section 10.—In section 10 of the principal Act, in sub-section (1), for the words " also to the District Magistrate", the signs and words, " to the District Magistrate and also the Superintendent of Police" shall be substituted.

13. Amendment of section 11.—In section 11 of the principal Act,—

(a) for sub-section (1), the following shall be substituted, namely:—

"(1) Every lift, escalator or travelator shall be inspected at least once in a year by an officer authorised in this behalf by the State Government."; and

(b) in sub-section (2), for the words, figures and signs " sub-section (3) of section 4, sub-section (2) of section 7", the words, figures and signs "sub-section (3) of section 7" shall be substituted.

14. Amendment of section 13.—In section 13 of the principal Act,—

(a) for the words "five thousand rupees", the words "fifty thousand rupees" shall be substituted;

(b) for the words "five hundred rupees", the words "one thousand rupees" shall be substituted; and

(c) for the words "forty five thousand rupees", the words "one lakh rupees" shall be substituted.

15. Amendment of section 14.—For section 14 of the principal Act, the following shall be substituted, namely:—

"14. Delegation of the powers.—The State Government may delegate all or any of the powers conferred on it by this Act to such officer as it may think fit but not below the rank of Inspector of Lifts.".

16. Insertion of sections 14-A, 14-B, 14-C and 14-D.—After section 14 of the principal Act, the following shall be inserted, namely:—

"14-A. Concurrent liability.—The lift, escalator or travelator erection or maintenance company, as the case may be, shall be liable for a penalty under this Act in case an accident occurs in the lift escalator or travelator due to the malfunctioning of any of the safety provisions of the lift, escalator or travelator, if attributable to such company.

14-B. Life span.—A lift, escalator or travelator installed in the premises shall be replaced by the owner after a period of twenty years of the installation and the owner shall surrender the existing license and apply for a fresh license under section 4 of the Act.

14-C. Insurance.—The owner after the completion of erection of such lift, escalator or travelator, shall ensure third party insurance mandatorily, so as to cover the risk of passengers using such lift, escalator or travelator.

14-D. Code of practice.—The materials and all relevant components of lift, escalator or travelator must comply with the Bureau of Indian Standards or the National Building Code.".

17. Substitution 5 of section 15.—For section 15 of the principal Act, the following shall be substituted, namely:—

"15. Power to make rules.—(1) The State Government may, by notification published in the Official Gazette, make rules to carry out the purposes of this Act.

(2) In particular and without prejudice to the generality of the foregoing provision, such rules may provide for all or any of the following matters, namely:—

(a) specifications for lift, escalator or travelator;

(b) the manner in which erection plans of lift, escalator or travelator shall be submitted;

(c) the manner in which the lift, escalator or travelator may be tested;

(d) the form of application for the erection of a lift, escalator or travelator or a license for working the same;

(e) the terms and conditions subject to which and the form in which the license may be granted for the working of a lift, escalator or travelator under section 6;

(f) the manner in which and the terms subject to which the lift, escalator or travelator shall work under section 6;

(g) the manner in which notice of accidents shall be given and the form of such notice;

(h) the form of notice to be given under section 7;

(i) to decide the manner in which the life span of the lift, escalator or travelator is regulated ; and

(j) any other matter which is required to be or may be prescribed by the State Government.".

नियन्त्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, हिमाचल प्रदेश, शिमला–5 द्वारा मुद्रित तथा प्रकाशित
इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षरित राजपत्र, वैबसाइट https://rajpatra.hp.gov.in पर उपलब्ध है एवम् ऑनलाइन सत्यापित किया जा सकता है।